University in News on 28 December 2023

NBT PAGE 4

प्लेसमेंट ड्राइव से स्टूडेंट्स को मिलेगी जॉब

लखनऊ यूनिवर्सिटी की ओर से किया जाएगा आयोजन

LUCKNOW(27 Dec): लखनऊ यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स के लिए विप्रो एवं हाइक एजुकेशन कंपनियों में प्लेसमेंट का मौका है. एलयू के इंजीनियरिंग व टेक्नोलॉजी फैकल्टी के प्लेसमेंट सेल की ओर से विप्रो एवं हाइक एजुकेशन कंपनी मे जॉब के लिए के प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जाएगा. प्लेसमेंट प्रभारी डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि विप्रो एचआर सर्विसेज प्रा. लि. कंपनी में कस्टमर सर्विस रिप्रेजेंटेटिव पद पर 3.08 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज के लिए बीबीए, बीसीए, बीकॉम, बीए, बीएचएम, बीजेएमसी और बीएससी (गणित ऑनर्स, सांख्यिकी ऑनर्स, अर्थशास्त्र ऑनर्स, बीएससी-कंप्यूटर साइंस और बीएससी-आईटी को छोड़कर अन्य स्टूडेंट्स आवेदन कर सकते हैं. साथ ही हाइक एजुकेशन कंपनी में बिजनेस एनालिस्ट एसोसिएट पद पर 3.0 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज के लिए बीटेक (सीएसई), एमसीए, बीसीए, एमएससी (कंप्यूटर एप्लीकेशन) के स्टूडेंट्स आवेदन कर सकते हैं. आवेदन करने की आखिरी तारीख 29 दिसंबर है.

एलयू में हुआ वेबिनार

एलयू के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय में गूगल डेवलपर स्टूडेंट क्लब की ओर से बुधवार को फ्लटर इन अ फ्लैश विषय पर वेबिनार हुआ। मुख्य वक्ता गूगल वूमेन टेक मेकर्स की आकांक्षा जैन ने बताया कि फ्लटर एक वर्सेटाइल फ्रेमवर्क है, जिसका उपयोग क्रास-प्लेटफार्म एप्लिकेशन विकसित करने के लिए किया जाता है. इसमें एंड्राइड और आइओएस के लिए मोबाइल एप, वेब एप और डेस्कटाप एप्लिकेशन शामिल हैं.

प्रो. गीतांजलि उपक्रम की महानिदेशक

LUCKNOW(27 Dec): यूपी उच्च शिक्षा विभाग और एनआईडी फाउंडेशन के बीच उपक्रम स्थापित करने के लिए एक एमओयू हुआ. यह उपक्रम प्रदेश की यूनिवर्सिटीज की बेहतर रैंकिंग सुनिश्चित करने पर केंद्रित है. बुधवार को उपक्रम की एक बैठक में, एलयू की निदेशक, रैंकिंग सेल और डीन, अकादमिक प्रोफेसर गीतांजलि मिश्रा को उपक्रम के दूसरे महानिदेशक के रूप में नामित किया गया.

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि : अब सभागारों में कार्यक्रम करना महंगा

बढ़े हुए किराये को वित्त समिति के बाद कार्यपरिषद से भी मिली मंजूरी

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में आम और खास सभी को सभागारों को किराये पर लेने के लिए अब अधिक धनराशि देनी होगी। सभागारों और भवनों की बढ़ी हुई नई दरें वित्त समिति से पास होने के बाद अब कार्यपरिषद से भी अनुमोदित हो गई हैं। जल्द ही इन्हें लागू करने का औपचारिक आदेश भी जारी कर दिया जाएगा।

शिक्षकों, छात्रों सहित बाहरी व्यक्तियों के लिए बढ़ा किराया

लविवि प्रशासन लंबे समय से सभागारों व अन्य स्थलों के किराये की दरों में वृद्धि करने की योजना बना रहा था। इसे अब औपचारिक सहमति मिल गई है। इससे पूर्व वर्ष 2017 में हुई कार्यपरिषद की बैठक में किराये में बढ़ोतरी की गई थी। जिन लोगों को कार्यक्रम के आयोजन के लिए विवि सभागार किराये पर चाहिए, वे विवि से संपर्क कर सकते हैं।

2017 की पुरानी और 2023 की नई रेट लिस्ट (रुपये में)

सभागार/ भवन	पहले का किराया 2017 विवि के लिए/ बाहरी	बढ़ा किराया 2023 विवि के लिए/ बाहरी
मालवीय सभागार	5000 - 30000	10000 - 40000
एपी सेन सभागार	2500 - 10000	7500 - 30000
विश्वकर्मा सभागार (द्वितीय परिसर)		7500- 30000
उमा हरिकृष्ण अवस्थी सभागार	3000 - 10000	6000- 20000
राधा कमल मुखर्जी सभागार		7500- 30000
चाणक्य सभागार		7500- 30000
डीपीए सभागार	2500 - 5000	5000- 20000
शिक्षा संकाय सभागार		3000-5000
कल्याण मंडप	8000 - 35000	15000- 30000
प्रो. एसबी सिंह सभागार		2000 - 3000

प्रो. गीतांजलि मिश्रा उपक्रम की महानिदेशक

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की डीन अकादमिक प्रो. गीतांजलि मिश्रा को उत्तर प्रदेश सेंटर फॉर रैंकिंग, एक्रिडिटेशन मेंटरिंग (उपक्रम) का महानिदेशक नियुक्त किया गया है। इससे पहले विवि की डीएसडब्ल्यू रहीं प्रो. पूनम टंडन इस पद की जिम्मेदारी संभाल रही थीं। उनका चयन गोरखपुर के कुलपति के पद पर होने के बाद यह पद खाली हो गया। अब प्रो. मिश्रा को इस पद की जिम्मेदारी दी गई। वे प्रो. टंडन के बाद दूसरी महानिदेशक होंगी। बता दें कि प्रदेश के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के लिए अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय रैंकिंग हासिल करने के प्रयासों को सुविधाजनक बनाने के लिए राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने उपक्रम की स्थापना की थी। (संवाद)

नौकरी के लिए कल तक आवेदन

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय की प्लेसमेंट सेल की ओर से विप्रो और हाइक एजुकेशन कंपनी में नौकरी के लिए प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन होगा। आवेदन करने की अंतिम तिथि 29 दिसंबर तय की गई है।

प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि विप्रो एचआर सर्विसेज प्रा. लि. कंपनी में कस्टमर सर्विस रिप्रेजेंटेटिव पद के लिए आवेदन मांगे गए हैं। इसमें विवि के बीबीए, बीसीए, बीकॉम, बीए, बीएचएम, बीजेएमसी और बीएससी के छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकते हैं। चयनित विद्यार्थियों को 3.8 लाख वार्षिक पैकेज दिया जाएगा। इसी तरह बिजनेस एनालिस्ट एसोसिएट पद के लिए बीटेक (सीएसई), एमसीए, बीसीए, एमएससी (कंप्यूटर एप्लीकेशन) के छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए तीन लाख का पैकेज है।

कैंपस प्लेसमेंट में 30 छात्रों का चयन

लखनऊ। लविवि की सेंट्रल प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में 30 छात्रों का चयन ट्रेनी पद पर इंस्प्लोर कंसल्टेंसी प्रा. लि. कंपनी में हुआ। निदेशक प्रो. मधुरिमा लाल ने बताया कि सभी छात्रों को 12 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय मिलेगा। ट्रेनिंग के बाद उन्हें निर्धारित पैकेज पर भुगतान किया जाएगा। (संवाद)

बीएएमएस : चुनौती मूल्यांकन का परिणाम जारी

लखनऊ। लविवि ने बीएएमएस पाठ्यक्रम के चुनौती मूल्यांकन का परीक्षाफल घोषित कर दिया है। विद्यार्थी विवि की वेबसाइट पर परिणाम देख सकते हैं। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि बीएएमएस अंतिम वर्ष की उत्तर पुस्तिकाओं की चुनौती मूल्यांकन में 86 विद्यार्थियों के अनुक्रमांक व पेपर कोड के हिसाब से सूची जारी की गई है। (संवाद)

लविवि : एमपीएड और एमएससी सहित कई कोर्स का कार्यक्रम घोषित

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने बुधवार को विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं के क्रम में कई पाठ्यक्रमों का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया। विद्यार्थी विवि की वेबसाइट पर विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम देख सकते हैं। विवि के परीक्षा विभाग की ओर से जिन पाठ्यक्रमों का परीक्षा कार्यक्रम जारी किया गया है, उसमें एमपीएड, एमएससी फिजिक्स, एमएससी सांख्यिकी, एमएससी बायो स्टैटिक्स, एमए ज्योतिर्विज्ञान, एमएससी बायोकेमिस्ट्री, एमबीए फाइनेंस एंड अकाउंटिंग, एमएससी बायोटेक्नोलॉजी, एमएससी जियोलॉजी, बीए पॉलीटिकल साइंस और बीए एवं बीएससी योगा का पाठ्यक्रम शामिल हैं। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि किसी तरह की समस्या होने पर विद्यार्थी परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। (संवाद)

HINDUSTAN PAGE 6

मालवीय, एपी सेन व डीपीए का किराया बढ़ा

एलयू

लखनऊ, संवाददाता। एलयू के सभागारों में कार्यक्रमों का आयोजन करने के लिए ज्यादा रुपये चुकाने होंगे। वित्त समिति के बाद अब इसे कार्य परिषद से भी मंजूरी मिल गई है।

एलयू में मंगलवार को हुई कार्य परिषद की बैठक में मालवीय, एपी सेन, डीपीए और उमा कृष्ण अवस्थी सभागार का किराया बढ़ा दिया गया है। वहीं राधा कमल मुखर्जी, विश्वकर्मा सभागार, शिक्षा संकाय, वाणिज्य विभाग के प्रो. एसबी सिंह और चाणक्य सभागार को भी किराये पर दिए जाने का फैसला लिया गया है। जल्द ही औपचारिक आदेश भी जारी होगा।

कल्याण मंडप का किराया कम किया

एलयू प्रशासन के मुताबिक मालवीय सभागार का किराया शिक्षक, कर्मचारियों के लिए पांच हजार व बाहरी के लिए 30 हजार था। इसे क्रमशः 10 व 40 हजार कर दिया। एपी सेन का 2500 व 10 हजार था। अब 7500, 30 हजार है। कल्याण मंडप का किराया कम हुआ है।

कैंपस प्लेसमेंट में 30 छात्रों का चयन

एलयू के सेंट्रल प्लेसमेंट सेल की ओर से 30 छात्रों का चयन ट्रेनी के तौर पर इंस्प्लोर कंसल्टेंसी प्रा. लि. कंपनी में हुआ। निदेशक प्रो. मधुरिमा लाल के अनुसार सभी छात्रों को उनके कार्य के आधार पर 12 हजार रुपये मिलेंगे। योग्यता के अनुरुप छह लाख सालाना का पैकेज मिलेगा। **बीएएमएस चुनौती मूल्यांकन का रिजल्ट जारी:** एलयू में बीएएमएस पाठ्यक्रम के चुनौती मूल्यांकन का परीक्षाफल घोषित कर दिया गया है। एलयू की वेबसाइट पर जाकर परिणाम देख सकते हैं।

उपक्रम की महानिदेशक बनीं प्रो. गीतांजलि मिश्रा

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की अधिष्ठाता अकादमिक प्रो. गीतांजलि मिश्रा को उत्तर प्रदेश सेंटर फॉर रैंकिंग, एक्रिडिटेशन मेंटरिंग (उपक्रम) का महानिदेशक नियुक्त किया गया है। वह गोरखपुर की कुलपति प्रो. पूनम टंडन के बाद दूसरी महानिदेशक के तौर पर कार्य करेंगी। बता दें प्रदेश के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के लिए अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय रैंकिंग हासिल करने के प्रयासों को सुविधाजनक बनाने के लिए उपक्रम की स्थापना हुई थी।

विप्रो, हाइक एजुकेशन कंपनी में 29 तक आवेदन

लखनऊ। एलयू के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय की प्लेसमेंट सेल द्वारा विप्रो एवं हाइक एजुकेशन कंपनी में नौकरी के लिए प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया होगा। इसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 29 दिसंबर तय की गई है। प्लेसमेंट प्रभारी डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि विप्रो एचआर सर्विसेज प्रा. लि. कंपनी में कस्टमर सर्विस रिप्रेजेंटेटिव पद के लिए आवेदन मांगे गए हैं।

NBT PAGE 4

LU प्रशासन का फैसला

6 साल बाद बढ़ा सभागारों का शुल्क

■ **एनबीटी, लखनऊ:** लखनऊ विश्वविद्यालय ने छह साल बाद अपने कैंपस में बने सभागार का आवंटन शुल्क बढ़ाया है। विवि ने शिक्षक व छात्रों समेत बाहरी लोगों के लिए भी रेट बढ़ा दिए हैं। एकमात्र कल्याण मंडप का रेट बाहरियों के लिए 35 हजार से घटकर 30 हजार रुपये हुए हैं।

4 गुना तक बढ़ोतरी, कल्याण मंडप का रेट घटा

सभागार	शिक्षक/कर्मचारी	बाहरी
कल्याण मंडप	15 हजार	30 हजार
मालवीय सभागार	10 हजार	40 हजार
एपी सेन सभागार	7,500	30 हजार
शिक्षा संकाय सभागार	3 हजार	5 हजार
राधा कमल मुखर्जी सभागार	7,500	30 हजार
उमा हरिकृष्ण अवस्थी सभागार	6 हजार	20 हजार
विश्वकर्मा सभागार (सेकंड कैंपस)	7,500	30 हजार
डीपीए सभागार, लोक प्रशासन विभाग	5 हजार	20 हजार
प्रो एसबी सिंह सभागार, वाणिज्य विभाग	2 हजार	3 हजार
चाणक्य सभागार, व्यापार प्रशासन विभाग	7,500	30 हजार

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 6

गीतांजलि बनी उपक्रम की महानिदेशक

लखनऊ। उपक्रम की वैठक में, लखनऊ विश्वविद्यालय की निदेशक, रैंकिंग सेल और डीन, अकादमिक प्रोफेसर गीतांजलि मिश्रा को उपक्रम के दूसरे महानिदेशक के रूप में नामित किया गया। 27 जुलाई, 2022 को यूपी उच्च शिक्षा विभाग और एनआईडी फाउंडेशन के बीच उपक्रम स्थापित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे।

AMRIT VICHAR PAGE 4

उपक्रम में महानिदेशक बनीं प्रोफेसर गीतांजलि

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : यूपी उच्च शिक्षा विभाग और एनआईडी फाउंडेशन के बीच उपक्रम स्थापित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश के विश्वविद्यालयों की बेहतर रैंकिंग सुनिश्चित करने पर केंद्रित है।

पूर्व में प्रो. पूनम टंडन उपक्रम की पहली महानिदेशक नामित की गई थीं। बुधवार को हुई एक बैठक में लखनऊ विवि की निदेशक, रैंकिंग सेल और डीन, अकादमिक प्रोफेसर गीतांजलि मिश्रा को उपक्रम के दूसरे महानिदेशक के रूप में नामित किया गया है।

प्रोफेसर गीतांजलि मिश्रा

बताते चले कि लविवि के ओएनजीसी सेंटर में उत्तर प्रदेश सेंटर फॉर रैंकिंग, एक्रिडिटेशन मेंटरिंग का उद्घाटन राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा किया जा चुका है। उपक्रम की स्थापना का उद्देश्य उत्तर प्रदेश के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के लिए अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय रैंकिंग हासिल करने के प्रयासों को सुविधाजनक बनाने के लिए की गई थी।

69,748 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

लखनऊ : लखनऊ विवि और उससे संबद्ध महाविद्यालयों में परीक्षाओं के आयोजन हुए। दो पालियों में आयोजित परीक्षाओं में 69,748 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। इस दौरान कोई भी अनुचित सामग्री नहीं प्राप्त हुई। पहली पाली में कुल 40,403 छात्र सम्मिलित हुए। वहीं छात्राओं की संख्या 29,345 रही। दोनों पालियों में कुल 69748 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा नियंत्रक के अनुसार, दोनों पालियों में किसी भी छात्र के पास अनुचित सामग्री नहीं मिली है। परीक्षाएं सकुशल सम्पन्न हुई हैं।

लखनऊ विवि में मिले रोजगार के अवसर

लखनऊ : लविवि में प्लेसमेण्ट सेलेक्शन के तहत छात्रों को रोजगार के अवसर मिले हैं। इनमें बीबीए, बीसीए, बीकॉम सहित अन्य संकायों से जुड़े कुल 30 छात्र का चयन हुआ हैं। बुधवार को हुए प्लेसमेण्ट ड्राइव में दो कंपनियां शामिल हुईं। ऐसे में लविवि के कुल 30 छात्रों का चयन हुआ। प्लेसमेंट प्रभारी डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि कंपनी में कस्टमर सर्विस रिप्रेजेंटेटिव पद के लिए बीबीए, बीसीए, बीकॉम, बीए, बीएचएम, बीजेएमसी और बीएससी (गणित ऑनर्स, सांख्यिकी ऑनर्स, अर्थशास्त्र ऑनर्स, बीएससी-कंप्यूटर साइंस और बीएससी-आईटी को छोड़कर) के छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकते हैं। साथ ही हाइक एजुकेशन कंपनी में बिजनेस एनालिस्ट एसोसिएट पद पर बीटेक (सीएसई), एमसीए, बीसीए, एमएससी (कंप्यूटर एप्लीकेशन) के छात्र-छात्राओं को भी प्राथमिकता दी जाएगी।

लविवि में स्वास्थ्य संबंधी विकारों पर चर्चा

लखनऊ : डॉ. राम मनोहर लोहिया इंस्टिट्यूट की मनोचिकित्सक ने लविवि में एक काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य संबंधी विकारों पर विस्तार से चर्चा हुई। मनोचिकित्सक डॉ. आकांक्षा शर्मा लविवि में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। समाज कार्य विभाग एवं सिफ्प्सा के अंतर्गत संचालित यूथ काउंसलिंग सेंटर द्वारा आयोजित कार्यक्रम प्रोमोटिंग मेंटल हेल्थ एंड वेल बीइंग अमंग यूथ विषय पर आधारित था। छात्र - छात्राओं को अपने मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखने हुए सुझाव के रूप में समय प्रबंधन, क्रोध प्रबंधन एवं अपनी भावनाओं को संतुलित करने की प्रक्रिया बताई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नोडल प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर व विवि के कुलानुशासक प्रो. राकेश द्विवेदी ने परियोजना के अंतर्गत चलाये जा रहे क्यू-क्लब के बारें में बताया। इस अवसर पर डॉ. अंविता वर्मा ने भी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। इस दौरान विवि के 65 छात्र - छात्राओं ने भाग लिया।

अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर लखनऊ विवि ने लहराया परचम

यूजीसी में ग्रेड वन पाने वाले लविवि ने एमओयू दक्षता के सहारे अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी उपयोगिता प्रमाणित की। ऐसे में 14 राष्ट्रीय देशों के अन्तर्राष्ट्रीय विवि में जमी पैठ के कारण 76 देशों के 1456 छात्रों ने लविवि में पढ़ाई के लिए आवेदन किया। वर्तमान में 286 विदेशी छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इस वर्ष विवि को कृषि विज्ञान, मैनेजमेण्ट की फैकल्टी मिली। ट्वीनिंग, ज्वाइंट, ड्यूएल डिग्री (यूजी-पीएचडी) प्रोग्राम मिले। टाइम्स हायर एजूकेशन एण्ड क्यू एस रैंकिंग में बड़ा स्थान मिला। रजिस्ट्रेशन नंबर के सहारे छात्रों को रिकार्ड निकालने में सुविधा मिली। छात्र संघ और विवि परीक्षा में अनुमति को लेकर छात्रों द्वारा आंदोलन भी किया गया।

प्रो. गीतांजलि मिश्रा बनीं उपक्रम की महानिदेशक



लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय की डीन एकेडमिक्स प्रोफेसर गीतांजलि मिश्रा को उत्तर प्रदेश सेंटर फार रैंकिंग, एक्रिडिटेशन मेंटरिंग (उपक्रम) का महानिदेशक बनाया गया है। अभी तक इस पद पर प्रोफेसर पूनम टंडन नामित की गईं थीं। वर्तमान में अब वह दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति बन चुकी हैं। (जासं)

लवि में हुआ वेबिनार

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय में गूगल डेवलपर स्टूडेंट क्लब की ओर से फ्लटर इन अ फ्लैश विषय पर वेबिनार हुआ। मुख्य वक्ता गूगल वूमेन टेक मेकर्स की आकांक्षा जैन ने बताया कि फ्लटर एक वर्सेटाइल फ्रेमवर्क है, जिसका उपयोग क्रास-प्लेटफार्म एप्लिकेशन विकसित करने के लिए किया जाता है। इसमें एंड्राइड और आइओएस के लिए मोबाइल एप, वेब एप और डेस्कटाप एप्लिकेशन शामिल हैं। (जासं)

JAGRAN CITY PAGE III

चैलेंज मूल्यांकन में बदले विद्यार्थियों के अंक

कम अंक मिलने पर छात्र-छात्राओं ने चैलेंज मूल्यांकन के लिए किया था आवेदन

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से बुधवार को जारी किए गए चैलेंज मूल्यांकन से बड़ी संख्या में उन छात्र-छात्राओं को राहत मिली है, जिन्होंने कम अंक मिलने पर आपत्ति दर्ज कराते हुए मूल्यांकन के लिए आवेदन किया था। एल.एल.बी, बी.टेक, बी.फार्मा, बी.यू.एम.एस और बी.ए.एम.एस जैसे पाठ्यक्रमों में काफी छात्र-छात्राओं को नए अंक दिए गए हैं। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी की ओर से चैलेंज मूल्यांकन के विस्तृत परिणाम वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ पर अपलोड किए गए हैं।

एल.एल.बी आनर्स और तीन वर्षीय कोर्स की सम सेमेस्टर परीक्षाओं में 21 छात्र-छात्राओं ने चैलेंज मूल्यांकन के लिए आवेदन किया था। परिणाम जारी होने के बाद उन्हें नए अंक दिए गए हैं। अलग-अलग पेपर कोड में किसी के 40 तो किसी के 59 अंक हो गए हैं। इसी तरह बी.टेक और बीफार्मा के विभिन्न पाठ्यक्रमों में भी 13, बीयूएमएस तीसरे व चौथे वर्ष की उत्तर पुस्तिका के चैलेंज मूल्यांकन में 16 छात्र-छात्राओं के अंक बदल गए। इसके अलावा बीयूएमएस द्वितीय वर्ष में 26 और बीएएमएस अंतिम वर्ष में 86 विद्यार्थियों को नए अंक मिले हैं।

दो कंपनियों में नौकरी के लिए आवेदन 29 तक

लवि के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के प्लेसमेंट सेल की ओर से दो कंपनी में नौकरी के लिए जल्द ही प्लेसमेंट ड्राइव होगी। विप्रो कंपनी के लिए छात्र-छात्राएं लिंक https://forms.gle/oMyNoc3mL4A9LytW6 और हाईक एजुकेशन कंपनी के लिए https://forms.gle/2nnPcTjyfWMQ9Afa7 के माध्यम से 29 दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं। प्लेसमेंट प्रभारी डा. हिमांशु पांडेय ने बताया कि विप्रो कंपनी में प्लेसमेंट के लिए बीबीए, बीसीए, बी.कॉम, बीए, बीएचएम, बीए.जेएमसी और बी.एससी (गणित आनर्स, सांख्यिकी आनर्स, अर्थशास्त्र आनर्स, बी.एससी कंप्यूटर साइंस और बी.एससी-आईटी को छोड़कर) के छात्र-छात्राएं आवेदन के लिए पात्र हैं।

ये मिलेगा पैकेज

विप्रो एचआर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड में कस्टमर सर्विस रिप्रेजेंटेटिव पद पर 3.08 लाख सालाना पैकेज मिलेगा। हाईक एजुकेशन कंपनी में बिजनेस एनालिस्ट एसोसिएट पद पर तीन लाख के पैकेज के लिए आवेदन कर सकते हैं।

30 छात्र-छात्राओं का प्लेसमेंट

लवि के सेंट्रल प्लेसमेंट सेल के माध्यम से 30 छात्र-छात्राओं का चयन इंस्प्लोर कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में हुआ है। प्लेसमेंट सेल की निदेशक प्रो. मधुरिमा लाल ने बताया कि इन सभी छात्र-छात्राओं को परफॉरमेंस के आधार पर अधिकतम 12000 मिलेगा।

परीक्षा कार्यक्रम जारी, आठ से बीए आनर्स, नौ से एमएससी फिजिक्स की परीक्षाएं

जासं, लखनऊ : लवि ने स्नातक व परास्नातक के कई पाठ्यक्रमों में विषम सेमेस्टर परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया। बी.ए आनर्स पालिटिकल साइंस पांचवें सेमेस्टर की परीक्षा आठ से 12 जनवरी तक होंगी। बी.ए/बी.एससी योग प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा आठ से 16 जनवरी और तीसरे सेमेस्टर की नौ से 19 जनवरी व पांचवें सेमेस्टर की आठ से 12 जनवरी आयोजित होंगी। परीक्षा कार्यक्रम /www.lkouniv.ac.in/ पर अपलोड किया गया है।

एम.ए ज्योतिर्विज्ञान प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा नौ से 20 जनवरी व तीसरे सेमेस्टर की 10 से 19 जनवरी तक होंगी। एम.ए और एम.एससी बायो स्टैटिस्टिक्स प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 10 से 19 जनवरी, इसके तीसरे सेमेस्टर की नौ से 20 जनवरी तक, एम.ए और एम.एससी स्टैटिस्टिक्स प्रथम सेमेस्टर 10 से 19 जनवरी और तीसरे सेमेस्टर की नौ से 20 जनवरी तक संचालित होंगी। एम.एससी बायो केमिस्ट्री प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 10 से 22 जनवरी और तीसरे सेमेस्टर की नौ से 20 जनवरी तक होंगी।

एमपीएड की परीक्षाएं 12 से

एम.पी.एड प्रथम सेमेस्टर (न्यू कोर्स) की परीक्षा 12 से 20 जनवरी, तीसरे सेमेस्टर की 15 से 19 जनवरी तक होंगी। इसके ओल्ड कोर्स प्रथम सेमेस्टर की 12 से 18 व तीसरे सेमेस्टर की 15 से 19 जनवरी तक आयोजित की जाएंगी। एम.बी.ए फाइनेंस एंड अकाउंट प्रथम और तीसरे सेमेस्टर की आठ से 22 जनवरी, एम.एससी जियोलाजी (सीबीसीएस) प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा आठ से 19 व तीसरे सेमेस्टर की 11 से 20 जनवरी तक होंगी।

लखनऊ विश्वविद्यालय में कई गुणा बढ़ा सभागारों का किराया

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने दोनों परिसर में बने कई सभागारों के किराए में बढ़ोत्तरी कर दी है। मंगलवार को हुई कार्य परिषद की बैठक में किराया बढ़ाए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। यह बढ़ोत्तरी पांच से 20 हजार रुपये तक की गई है। वहीं, कई नए सभागारों का किराया भी तय कर दिया है।

लवि के मुख्य परिसर और जानकीपुरम स्थित द्वितीय परिसर को मिलाकर 12 सभागार बने हैं। इन्हें विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के लिए विश्वविद्यालय के शिक्षकों, छात्र-छात्राओं, कर्मचारियों के साथ-साथ वाह्य व्यक्तियों एवं संस्थानों को किराए पर दिया जाता है। इसके लिए अलग-अलग दर निर्धारित हैं। बीते कुछ समय में विश्वविद्यालय ने कई सभागारों का नवीनीकरण कराकर सुविधाएं बढ़ाई हैं। इसलिए अब किराए में बढ़ोत्तरी की गई है। वहीं, लवि के मछली द्वार के पास बने कल्याण मंडप के लिए बाहरी लोगों के लिए किराए को पांच हजार रुपये कम किया गया है।

- लवि कार्य परिषद में किराए बढ़ाने के प्रस्ताव पर लगाई मुहर

"विश्वविद्यालय ने बीते कुछ समय में सभागारों का नवीनीकरण करके काफी सुविधाएं बढ़ाई है। इसी वजह से किराया बढ़ाया गया है। मछली द्वार के पास बने कल्याण मंडप का किराया बाहरी लोगों के लिए कम भी किया गया है।

-प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव, प्रवक्ता, लवि

सभागार	विवि के शिक्षकों, छात्रों के लिए		बाहरी लोगों के लिए	
	पहले	अब	पहले	अब
मालवीय सभागार	5,000	10,000	30,000	40,000
एपी सेन सभागार	2,500	7,500	10,000	30,000
प्रो.हरिकृष्ण अवस्थी सभागार	3,000	6,000	10,000	20,000
डीपीए सभागार	2,500	5,000	5,000	20,000
कल्याण मंडप	8,000	15,000	35,000	30,000
विश्वकर्मा सभागार द्वितीय परिसर	--	7,500	--	30,000
राधा कमल मुखर्जी सभागार	--	7,500	--	30,000
चाणक्य सभागार	--	7,500	--	30,000
शिक्षा संकाय सभागार	--	3,000	--	5,000
प्रो.एसबी सिंह सभागार	--	2,000	--	3,000
(किराया प्रतिदिन का)				

TOI PAGE 3

LU prof appointed UPCRAM DG

Lucknow University's dean (academics) and ranking cell director Prof Geetanjali Mishra has been appointed as the director general of Uttar Pradesh Centre for Ranking Accreditation Mentoring (UPCRAM). Prof Mishra is globally known for her research work on ladybird beetles, which are agriculturally beneficial insects.

VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

प्रो. गीतांजलि मिश्रा को उपक्रम की महानिदेशक नामित

लखनऊ। यूपी उच्च शिक्षा विभाग और एनआईडी फाउंडेशन के बीच उपक्रम स्थापित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये। इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य उत्तर प्रदेश के विश्वविद्यालयों की बेहतर रैंकिंग सुनिश्चित करने पर केंद्रित है। लविवि के ओएनजीसी सेंटर में 17 अक्टूबर, 2022 को उत्तर प्रदेश सेंटर फॉर रैंकिंग, एक्रिडिटेशन मेंटरिंग (उपक्रम) का उद्घाटन राज्यपाल उत्तर प्रदेश एवं कुलाधिपति समस्त राज्य विश्वविद्यालय आनंदीबेन पटेल ने किया। उपक्रम की स्थापना, उत्तर प्रदेश के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के लिए अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय रैंकिंग हासिल करने के प्रयासों को सुविधाजनक बनाने के लिए की गई थी।

शारीरिक खेल से बढ़ेगी मानसिक स्वास्थ्य की सकारात्मक ऊर्जा

लखनऊ। लविवि में बुधवार को समाज कार्य विभाग एवं सिफ्प्सा के अंतर्गत संचालित यूथ काउंसलिंग सेंटर द्वारा आयोजित कार्यक्रम प्रोमोटिंग मेंटल हेल्थ एंड वेल बीइंग अमंग यूथ में बतौर मुख्य अतिथि डॉ. राम मनोहर लोहिया इंस्टिट्यूट की मनोचिकित्सक डॉ. आकांक्षा शर्मा ने छात्र-छात्राओं को अपने मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए सुझाव के रूप में समय प्रबंधन, क्रोध प्रबंधन एवं अपनी भावनाओं को संतुलित करने की प्रक्रिया बतायी। उन्होंने बताया कि आज की पीढ़ी को ऑनलाइन खेल में अपना समय न देकर शारीरिक खेल में रुचि बढ़ानी चाहिए जिससे उनके शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव दिखाई देगा। कार्यक्रम में यूथ काउंसलिंग सेंटर के नोडल प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर एवं लविवि के चीफ प्राक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए परियोजना के अंतर्गत चलाये जा रहे क्यू-क्लब के बारे में बताया और साथ ही यह भी बताया कि जिस प्रकार हमारे आसपास का वातावरण हमारी व्यक्तित्व को प्रभावित करता है।

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

विद्यार्थियों को बताए मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखने के उपाय

स्वतंत्र भारत संवाददाता,लखनऊ। विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग एवं सिफ्प्सा के तहत संचालित यूथ काउंसलिंग सेंटर द्वारा प्रोमोटिंग मेंटल हेल्थ एंड वेल बीइंग अमंग यूथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि डॉ.राम मनोहर लोहिया इंस्टिट्यूट की मनोचिकित्सक डॉ.आकांक्षा शर्मा ने छात्र-छात्राओं को अपने मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए सुझाव के रूप में समय प्रबंधन, क्रोध प्रबंधन एवं अपनी भावनाओं को संतुलित करने की प्रक्रिया बताई। उन्होंने यह भी बताया कि आज की पीढ़ी को ऑनलाइन खेल में अपना समय ना देकर शारीरिक खेल में रुचि बढ़ानी चाहिए जिससे उनके शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव दिखाई देगा। प्रो.राकेश द्विवेदी, नोडल प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर, यूथ काउंसलिंग सेंटर एवं मुख्य कुलानुशासक लविवि ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए परियोजना के अंतर्गत चलाये जा रहे क्यू-क्लब के बारे में बताया और

साथ ही यह भी बताया की जिस प्रकार हमारे आसपास का वातावरण हमारी व्यक्तित्व को प्रभावित करता है। उसी प्रकार युवाओं का व्यक्तित्व उनके मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। डॉ.आकांक्षा ने कहा कि हमें अपना ध्यान सकारात्मक बातों एवं विचारों पर लगाना चाहिए, जब तक हमारे विचार सकारात्मक नहीं होंगे तब तक हमारा मानसिक स्वास्थ्य सकारात्मक नहीं होगा। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं द्वारा क्यू-क्लब का भ्रमण किया गया जहां पर डॉक्टर आकांक्षा ने बच्चों से एक-एक करके बातचीत की। जिससे बच्चे बिना डरे और घबराए अपनी बात रख सकें और अपने मानसिक स्वास्थय के बारें में उनसे व्यक्तिगत रूप से चर्चा कर सकें। डॉ.आकांशा ने बच्चों से बातचीत करते हुए उनकी समस्याओं का समाधान दिया और अपनी मानसिक स्तिथि को सकारात्मक रखने की सलाह दी। कार्यक्रम का औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अंविता वर्मा,कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना, लविवि द्वारा किया गया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के 65 विद्यर्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

डिजिटल तकनीक की उपयोगिता पर चर्चा

स्वतंत्र भारत संवाददाता,लखनऊ। विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय में गूगल डेवलपर स्टूडेंट क्लब द्वारा फ्लटर इन अ फ्लैश पर वेबिनार का हुआ आयोजन। लविवि के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय में गूगल डेवलपर स्टूडेंट क्लब के द्वारा फ्लटर इन अ फ्लैश पर अयोजित वेबिनार में प्रतिभागियों को वर्तमान समय की नयी तकनीक फ्लटर से अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य वक्ता आकांक्षा जैन (गूगल वूमेन टेक मेकर्स एंबेसडर)ने फ्लटर के बारे में बताया कि फ़्लटर एक वर्सेटाइल फ्रेमवर है जिसका उपयोग क्रॉस-प्लेटफ़ॉर्म एप्लिकेशन विकसित करने के लिए किया जाता है। जिसमें एंड्रॉइड और आईओएस के लिए मोबाइल ऐप, वेब ऐप और डेस्कटॉप एप्लिकेशन शामिल हैं। उन्होंने यह भी बताया कि फ्लटर का प्रयोग करने से सिंगल कोड बेस, हॉट रीलोड, कंसिस्टेंट यूआई क्रॉस प्लेटफॉर्म्स, रिच सेट ऑफ कस्टमाइजेबल विजिट्स, हाई परफार्मेंस, ओपन सोर्स एंड कम्युनिटी सपोर्ट, फास्ट डेवलपमेंट, सपोर्ट फॉर डिफरेंट प्लेटफॉर्म्स, एडाप्टिव एप्स आदि लाभ प्राप्त होते हैं। वक्ता ने फ़्लटर पर आधारित विविध प्रकार के फ्लो चार्ट, डायग्राम तथा टेबल का उपयोग करके प्रतिभागियों को जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया तथा यूट्यूब पर इसका लाइव प्रसारण भी किया गया। कार्यक्रम का सफल आयोजन लविवि के अभियांत्रिकी संकाय के गूगल डेवलपर स्टूडेंट क्लब के छात्रों में प्रियांशी राय, रणजीत सिंह, मृत्युंजय द्विवेदी द्वारा किया गया।

प्रो.गीतांजलि उपक्रम की महानिदेशक नामित

स्वतंत्र भारत संवाददाता,लखनऊ। 27 जुलाई 2022 को उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग और एनआईडी फाउंडेशन के बीच उपक्रम स्थापित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य उत्तर प्रदेश के विश्वविद्यालयों की बेहतर रैंकिंग सुनिश्चित करने पर केंद्रित है। 17 अक्टूबर 2022 को लखनऊ विश्वविद्यालय के ओएनजीसी सेंटर में उत्तर प्रदेश सेंटर फॉर रैंकिंग, एक्रिडिटेशन मेंटरिंग का उद्घाटन राज्यपाल उत्तर प्रदेश एवं कुलाधिपति समस्त राज्य विश्वविद्यालय आनंदीबेन पटेल द्वारा किया गया। इस उपक्रम की स्थापना, उत्तर प्रदेश के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के लिए अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय रैंकिंग हासिल करने के प्रयासों को सुविधाजनक बनाने के लिए की गई थी। प्रो.पूनम टंडन उपक्रम की पहली महानिदेशक नामित की गई थीं। बधुवार को आयोजित उपक्रम की एक बैठक में लविवि की निदेशक, रैंकिंग सेल और डीन,अकादमिक प्रो.गीतांजलि मिश्रा को उपक्रम के दूसरे महानिदेशक के रूप में नामित किया गया।